श्री आनंद मोहन (डीआईएन: 11710864) ने दिनांक 11.05.2026 को सीएमपीडीआईएल में निदेशक (तकनीकी) का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे एनसीएल, सीपीसीएल तथा सीआईएल की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

श्री मोहन ने वर्ष 1989 में रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज, सुरतकल (KREC, Surathkal) से खनन अभियांत्रिकी में स्नातक उपाधि प्राप्त की तथा उसी वर्ष एनसीएल की अमलोरी परियोजना से अपने सेवाकाल का प्रारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने वर्ष 2005 में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, धनबाद (ISM, DHANBAD) से सतही खनन अभियांत्रिकी में प्रौद्योगिकी परास्नातक उपाधि प्राप्त की।

लगभग 36 वर्षों के अपने दीर्घ एवं बहुआयामी अनुभव के दौरान श्री मोहन ने कोयला खनन क्षेत्र में खदान योजना निर्माण, संचालन, परियोजना प्रबंधन, पुनर्वास, पर्यावरण प्रबंधन तथा डिजिटल रूपांतरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेषज्ञता अर्जित की है।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी सहभागिता की है, जिनमें यूनिवर्सिटी ऑफ वेल्स, यूनाइटेड किंगडम, 1996 द्वारा आयोजित ओडीए कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण मूल्यांकन एवं प्रबंधन प्रशिक्षण तथा उन्नत वैश्विक प्रबंधन कार्यक्रम शामिल हैं। इसी क्रम में वे विभिन्न यूरोपीय देशों में आयोजित एजीटीएमपी (AGTMP-2023) प्रतिनिधिमंडल का भी हिस्सा रहे हैं। श्री मोहन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के फेलो (FIE) तथा Mining, Geological and Metallurgical Institute of India (MGMI) एवं Mining Engineers' Association of India (MEAI) के आजीवन सदस्य हैं।

तीन दशकों से अधिक की विशेषज्ञता, वैश्विक अनुभव से सी.एम.पी.डी.आई., सी.आई.एल. और भारतीय कोयला उद्योग को खनन तथा संचालन की उन्नति के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।